हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, मई 11, 2024

11 एक लाख 88 हजार 992 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद



12 बंद पड़े पुराने प्याऊ, नए भी व्यवस्थित नहीं



## खबर संक्षेप

### फंदा लगाने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** इलाके में फांसी लगने से एक महिला की मौत हो गई। मामला झज्जर जिले के गांव खरहर का है। वीरवार की देर शाम को मकान में महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। किसी की नजर पड़ती तो उसे संभाला गया लेकिन देर हो चुकी थी। सूचना पाकर आसौदा थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया। बताते हैं कि महिला यहां लिवइन में रह रही थी। पुलिस की मानें तो अभी महिला के माता-पिता के बयान नहीं हो सके हैं। उनके यहां आने के बाद बयान लिए जाएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। शनिवार को पोस्टमार्टम की संभावना है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने दी जान

**झज्जर।** साल्हावास में अज्ञात कारणों से एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय जसवंत पुत्र जगदीश निवासी धनीरवास के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक जसवंत अविवाहित था तथा साल्हावास स्थित किराए के मकान में अकेला रहता था। मामले की जांच अधिकारी सुदेश कुमारी ने बताया कि मृतक के पिता जगदीश के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### ट्राले की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दुजाना के नजदीक एक ट्राला व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सुबाना गांव निवासी निखिल पुत्र सुरेश चंद्र के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में सुबाना गांव निवासी मुकेश रानी पत्नी सुरेश चंद्र ने बताया कि बीती आठ मई को जब उसका पुत्र निखिल अपनी स्कूटी से रोहतक से सुबाना गांव की ओर लौट रहा था तो उसे दुजाना गांव के नजदीक एक ट्राले ने टक्कर मार दी। निखिल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया।

## चिकित्सकों की टीम ने दो बार किए एक्सरे, कई जगह मिले गोलियों के निशान

**युवक की हत्या का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार सांय शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में रामलीला मैदान के सामने एक दुकान में युवक की हत्या करने मामले में कार्यवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा मृतक के पिता सतपाल पुत्र चेतराम की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। वहीं आरोपियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

- मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज, मृतक की बाजू, पीठ सहित अन्य अंगों पर गोलियों के निशान मिले

मृतक युवक राव अनुज के शव का चिकित्सकों की टीम द्वारा दो बार एक्सरे लिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक की बाजू, पीठ सहित अन्य अंगों पर गोलियों के निशान मिले। एक्सरे करवाने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।







झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए शव को ले जाते हुए पुलिसकर्मी एवं युवा, नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्यवाई करते हुए पुलिसकर्मी,नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के दौरान उपस्थित युवा।

### अस्पताल परिसर में युवाओं की लगी रही भीड़

पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों के अलावा काफी संख्या में युवक मौजूद रहे। युवाओं के चेहरे पर अपने साथी के छोड़ कर जाने का गम साफ दिखाई दे रहा था। बीच-बीच में अपने साथी की बात करते हुए युवा कई बार भावुक भी हुए। बाद में गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पोस्टमार्टम करवा शव सौंपा परिजनों को

मामले के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक अनुज के पिता सतपाल पुत्र चेतराम की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

### आखिर क्या है मामला

बता दें कि वीरवार सांय शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में दुकान के बाहर बैठे एक युवक की एक के बाद एक गोली मारकर हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक पैदल कार्यालय की ओर जाते हुए दिखाई दे रहे है और कुछ ही सैकंड में वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भागते हुए भी दिखाई दे रहे है। जानकारी अनुसार राव अनुज बिजली नहीं होने के कारण कार्यालय के बाहर अपने साथियों के साथ बैठा हुआ था। कुछ देर बाद लाईट आ गई और कार्यालय के अंदर चला गया। इतने में कुछ युवक आए और हुक्का पीने की बात कहते हुए अंदर आ गए। एकाएक युवकों ने एक के बाद एक कई फायर कर दिए। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम द्वारा मौका मुआयना करने पर कार्यालय के बाहर भी गोलियों के कई खोल पाए गए थे।

## अवैध शराब से भरी गाड़ी सहित गिरफ्तार



बहादुरगढ़। पुलिस द्वारा पकड़ी गई शराब से भरी गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

चुनाव के मद्देनजर पुलिस की ओर से शराब तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने बहादुरगढ़ में शराब से भरी एक गाड़ी पकड़ी है। गाड़ी से शराब की 204 पेटियां बरामद हुई। पकड़ी गई शराब की कीमत लाखों में है। एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज हुआ है। एएनसी इंचार्ज रवींद्र कुमार के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि दिल्ली का निवासी राधे अवैध शराब का व्यापार करता है। वह शराब से भरी एक गाड़ी लेकर परनाला की तरफ जाएगा। इस सूचना पर टीम ने परनाला रोड पर नाका लगा दिया। नाके पर आने जाने वाहनों पर निगरानी रखी गई। इस दौरान एक महेंद्रा मैक्सिमो गाड़ी रुकवाई गई। तलाशी ली तो गाड़ी में शराब की पेटियां भरी थी। गिनती करने पर 204 पेटियां पाई गई, जिनमें पव्वे भरे हुए थे। पकड़े गए आरोपी की पहचान राधे के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से खुलासा हुआ है कि वह दिल्ली के निवासी अभिषेक की गाड़ी चलाता है। प्रति चक्कर के एक हजार रुपये लेता है। वहीं, पुलिस ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से पुलिस लगातार अवैध शराब की बिक्री, तस्करी पर शिकंजा कस रही है। अब तक भारी मात्रा में शराब बरामद हो चुकी है।

- सिटी थाने में केस दर्ज किया गया

## नफे सिंह हत्याकांड में जांच करने पहुंची सीबीआई की डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में जांच करने के लिए शुक्रवार को सीबीआई की डीआईजी लवली कटियार भी बहादुरगढ़ पहुंची। उन्होंने सीबीआई की टीम के साथ ही हरियाणा पुलिस के अधिकारियों के साथ बराही फाटक पर जाकर 25 फरवरी को हुई वारदात के बारे में पूरी जानकारी हासिल की। इसके अलावा लाइनपार थाना में खड़ी नफे सिंह की गाड़ी और हत्यारों की गाड़ी का भी मुआयना किया। इसके बाद विश्राम गृह में बनाए कैंप ऑफिस में हरियाणा पुलिस के अधिकारियों से जानकारी जुटाई।

- आईपीएस लवली कटियार ने मौका-ए-वारदात के अलावा थाने में खड़ी गाड़ियों का किया निरीक्षण





बहादुरगढ़। मौका-ए-वारदात पर जानकारी जुटाती सीबीआई की डीआईजी लवली कटियार, लाइनपार थाना में हत्यारों की गाड़ी का निरीक्षण करती सीबीआई की डीआईजी। फोटो : हरिभूमि

### चार शूटरों ने की थी हत्या

प्रदेश के कद्दावर राजनेताओं में शामिल नफे सिंह राठी 25 फरवरी की शाम को आसौदा से बराही के रास्ते बहादुरगढ़ लौट रहे थे। सांखोल के निकट स्थित रेलवे फाटक पर चार बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी। इस हमले में नफे सिंह राठी व उनके साथी जयकिशन दलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि निजी सुरक्षाकर्मी संजीत व गाड़ी चला रहे भांजे संजय घायल हो गए थे।

### नंदू गैंग से जुड़े थे शूटर

पुलिस ने घायल संजय के बयान के आधार पर अज्ञात हमलावरों के साथ ही दस नामजद लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 147, 148, 149 व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। हालांकि इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट में ब्रिटेन बेस्ड गैंगस्टर नंदू ने ही नफे सिंह हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। चारों शूटरों की पहचान भी नंदू गैंग से जुड़े अतुल, आशीष, नकुल व सौरव के रूप में हुई थी।

### अब तक चार गिरफ्तारी

हत्यारों की गाड़ी रेवाड़ी में पार्किंग से बरामद हुई थी। आशीष और सचिन उर्फ सौरव नाम के दो शूटर गोवा से गिरफ्तार हुए थे। इसके अलावा नंदू गैंग से जुड़े धर्मेंद्र निवासी बिजवासन तथा अमित गुलिया को प्रॉडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की गई थी।

### सीबीआई को मिले गवाह

जानकारी के अनुसार सीबीआई को अब तक करीब दर्जनभर नए गवाह मिले हैं, जिन्हें पुलिस ने जांच में शामिल नहीं किया था। उनकी मदद से जांच को नई दिशा मिली है। जांच को गति देने के लिए शहर के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में कैंप आफिस बनाया गया है।

### तो होगा जल्द खुलासा

एफआईआर दर्ज करने के दस दिन के भीतर ही सीबीआई ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जहां हरियाणा पुलिस के अनुसंधान का विश्लेषण सीबीआई टीम कर रही है। वहीं नए गवाहों से भी पूछताछ कर नफे सिंह हत्याकांड का शीघ्र पटाक्षेप करने के लिए भी भागदौड़ की जा रही है। सीबीआई की डीआईजी लवली कटियार ने हरियाणा पुलिस की एसआईटी में शामिल अधिकारियों से हर बारीक जानकारी प्राप्त की।

**नई जानकारी और जवाब**

केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा अपने तरीके से जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। वारदात से जुड़े पूरे घटनाक्रम को क्रमबद्ध तरीके से रिकॉर्ड किया जा रहा है। हर कड़ी को जोड़ा जा रहा है। जांच में उठ रहे सवालों के जवाब तलाशे जा रहे हैं। नए गवाहों से मिली जानकारी के आधार पर नए साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है। सीबीआई की जांच के तरीके और रफ्तार से जल्द हत्याकांड में खुलासा होने की उम्मीद बढ़ी है।

## मारपीट में घायल व्यक्ति ने पीजीआई में तोड़ा दम

### गांव के युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सुलौधा निवासी एक युवक ने गांव के युवकों पर मारपीट के दौरान पिता की हत्या करने व परिजनों को चोटिल करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह पेशे से दुकानदार है। बीती 9 मई की शाम करीब पौने पांच बजे सन्नी नामक एक युवक दुकान पर आया उसने मोबाइल से उसकी के गांव के अजय उर्फ छोटू से बात कराते हुए उसे उधार कोल्ड ड्रिंक देने का दबाव बनाया। जब उसने उधार देने से मना किया तो उसने धमकी दी कि इसका अंजाम बुरा होगा। जिसके बाद उसके पिता ने छोटू आदि से फोन पर समझाते हुए सुलह करा दी। विनोद के अनुसार इस बात की रंजिश रखते हुए वे युवक रात करीब साढे. दस बजे ट्रांसफार्मर से बिजली की लाइन काटकर लाठी डंडे व अन्य नुकीले हथियार लेकर उनके घर में घुस गए और उसके परिवार पर हमला बोल दिया। इस दौरान जहां उसकी बहन कुसुल, मां राजेश व पिता राजपाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया वहीं उसके पिता को आरोपियों ने बहार गली में घसीट कर भी पीटा। बाद में परिजनों की सहायता से वह अपने पिता को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर दिया। पीजीआई में उसके पिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने विनोद की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

- पुलिस ने विनोद की शिकायत पर मामला दर्ज

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

रिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार की देर शाम बहादुरगढ़ रोड पर हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान झज्जर के दिल्ली गेट निवासी करीब 34 वर्षीय देवदत्त पुत्र अनंतराम के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे। युवक के शव को फिलहाल शव गृह में रखवा दिया गया। सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार देवदत्त बाइक पर अपने घर की लौट रहा था। इस दौरान आई तेज आंधी के कारण उसकी बाइक एक टेंपो से जा टकराई। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सहायता से उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- बहादुरगढ़ रोड पर हुई दुर्घटना, शव को शव गृह में रखवाया



हादसे के बाद अस्पताल में मौजूद परिजन। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीण क्षेत्र में एक ही रात में चार किसानों के खेतों में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेती संबंधित उपकरण चोरों के निशाने पर हैं। आए दिन किसी ने किसी गांव में वारदात हो रही है। ताजा मामला गांव बुपनिया का है। यहां एक ही रात में कई किसानों के खेतों में चोरी हो गई। वारदात से किसानों को आर्थिक हानि हुई है, उनका काम भी प्रभावित हो गया है।

बुपनिया के निवासी जसवीर का कहना है कि गांव गुभाना रोड पर उसके खेत हैं। सिंचाई आदि के लिए उसने सोलर पंप सेट की व्यवस्था कर रखी है। गत आठ मई को जब खेत में गया तो सारा सामान ठीक था लेकिन जब 9 मई की सुबह गया तो कोठड़े के पास से मोटर, तार, एल्बो, बैंड आदि गायब थे। आसपास किसानों से पूछताछ की तो पता चला कि गुभाना के निवासी दीपक, वीरेंद्र, विक्की आदि के खेतों में भी वारदात हुई है। इनके खेतों से भी इंजन हेड, पंखा, बैंड, ब्लॉक सहित अन्य सामान चोरी हुआ है। इसके बाद सभी ने अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। इस वारदात से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। काम भी प्रभावित है।

पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करे और गांवों में रात्रि सुरक्षा मजबूत करे ताकि पुनः वारदात न हो। वहीं, बादली थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अक्षय तृतीया** | पिछले साल के मुकाबले करीब 30-40 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ

## अक्षय तृतीया पर रही खरीदारी व शादियों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अक्षय तृतीया के कारण शुक्रवार को शादी विवाहों की विशेष रौनक रही। शादी के लिए मैरिज होम सजे हुए थे। अबूझ मुहूर्त होने के कारण बाजारों में जमकर खरीददारी हुई। अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने में जमकर खरीदारी देखने को मिली। दोपहर को भारी गर्मी होने के बाद भी ज्वैलरी शॉप्स में भारी भीड़ देखने को मिली। फूलों की मांग में भी जबरदस्त इजाफा देखने को मिला। गाड़ियों की साज-सज्जा के प्रति भी लोगों में काफी रुझान दिखा।

शादी विवाह के लिए लिए बाजारों में शादी के लिए खरीददारों की बाजारों में भीड़ उमड़ी। दुकानदार अच्छी खरीददारी के चलते खुश दिखाई दिए। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर होने वाली शादियों की धूम मची। शहर के बाजारों में खरीददारों की भीड़ रही। क्षेत्र में शादी ब्याह के कारण लाल चौक पर कई बार जाम की स्थिति बन गई। जानकारों का मानना है कि इस बार अक्षय तृतीया पर पिछले साल के मुकाबले करीब 30-40 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ है। जयभगवान सोनी ने बताया कि महिला ग्राहकों में खासतौर पर बेंगल सेट और गोल्ड चैन की अच्छी मांग है।



बहादुरगढ़। अक्षय तृतीया पर सजा एक विवाह समारोह स्थल।

### महिलाओं के काफी उत्सुकता देखी गई

अक्षय तृतीया पर शहर के अधिकांश आभूषण प्रतिष्ठानों में रौनक बढ़ी। अक्षय तृतीया पर होने वाली आभूषणों की खरीदारी को लेकर महिलाओं के काफी उत्सुकता देखी गई। अशोक छिकारा ने बताया कि अक्षय तृतीया को लेकर अनेक डिजाइनों के बेहतर आभूषण मंगाए गए हैं। पंडित महेंद्र शर्मा ने अक्षय तृतीया का महत्व बताते हुए कहा कि भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है। इसी दिन भगवान बद्रीनाथ के कपाट खुलते हैं तथा नर नारायण परशुराम और हयग्रीव का अवतार भी इसी दिन हुआ था। इस तिथि को व्रत रखने पर सुख, सौभाग्य और सफलता की कामना पूर्ण होती है। उन्होंने इसे स्वयं सिद्धि अभिजित मुहूर्त वाला पर्व बताया।

## खबर छपने के बाद कट गई पार्क की घास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**हरिभूमि इंपेक्ट**

शहर के सेक्टर-6 में मकान नंबर-292 के सामने स्थित पार्क में घास नहीं काटे जाने और सफाई नहीं होने से संबंधित समाचार हरिभूमि के 9 मई के अंक में प्रकाशित हुआ था। इसका संज्ञान लेते हुए नगर परिषद ने 9 मई को पार्क में सफाई करवा दी और 10 मई को घास कटवा दी गई। इस पर स्थानीय निवासियों ने हरिभूमि के साथ ही नगर परिषद का आभार जताया है।

बता दें कि नगर परिषद द्वारा आरडब्ल्यूए समेत कई सामाजिक संस्थाओं को पार्कों की रखरखाव का जिम्मा सौंपने के बाद भी पार्कों की हालत खराब है। लोगों में इसे लेकर रोष भी है। लोगों की इस समस्या को हरिभूमि ने 9 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद नप द्वारा पार्क में सफाई भी करवा दी गई और घास भी कटवा दी गई। सेक्टर-6 निवासी दिनेश छिल्लर, शशिभूषण वर्मा, सुरेंद्र अहलावत, जयपाल सांगवान, बारूराम, भजनलाल, अजीत संधु, शेर सिंह यादव, पवन गर्ग, मनु, रमेश ठाकुर, सतीश गर्ग, दलपत चौहान, राजेश, वीरेंद्र मास्टर, जगबीर पूनिया, वीके रावत, सुरेंद्र गुलिया, व राजेश छिल्लर आदि ने इसके लिए नगर परिषद और हरिभूमि का आभार व्यक्त किया है। हालांकि सवाल यह उठता है कि लाखों रुपए का भुगतान होने के बावजूद नागरिकों को आवाज उठाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसके लिए जिम्मेदार लोग अपना काम निर्धारित समय पर करें तो आमजन को समस्या से जूझना ही ना पड़े।



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 के पार्क में घास काटता कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि




पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।



बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पायी जाती है।

# क्या है बॉम्बे आर्ट कोर्स, कैसे बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पहली पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेंचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## कोर्स के लिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**कैसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

### अच्छी सैलरी के साथ-साथ पशु प्रेम दिखाने का मौका मिलता

# पशु-पक्षियों की सेवा की भावना रखते हैं तो पशु चिकित्सक में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## बड़े स्तर पर मिलते जॉब के ऑप्शन

पशु चिकित्सक (वेटरनरी डॉक्टर) पशु पक्षियों का उपचार करता है जिस तरह से मनुष्यों का इलाज करने के लिए भारत और दुनिया भर में तरह-तरह के डॉक्टर पाए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पशु पक्षियों का इलाज करने के लिए भी डॉक्टर होते हैं उन्हें पशु चिकित्सक या पशु डॉक्टर कहते हैं। विज्ञान में पशु चिकित्सक की एक श्रेणी है, जिसके अंतर्गत पशु और पक्षियों का इलाज करवाया जाता है। आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है आज से 500 वर्ष आज के समय की तरह अविष्कार उपचार इत्यादि कुछ भी नहीं थे, लेकिन आज मनुष्य का हर तरह से इलाज किया जाता है। आज के समय में गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कर दिया जाता है। विभिन्न प्रकार के तरीकों से हर संभव प्रयास करके मनुष्य को बचाया जाता है। इसी तकनीकी और एजाज के विस्तार के आधार पर विज्ञान आधारित पशु चिकित्सक प्रणाली भी बनाई गई है, जिसके तहत पशु एवं पक्षियों का इलाज भी करवाया जाता है।





## सदियों से पशुओं की सेवा की जाती


हमारे भारत में जहां सदियों सदियों से पशु पक्षियों की सेवा की जाती आ रही है। लेकिन विदेशों में आज के समय में लोग पशु पक्षियों के प्रति प्रेम दिखाते हैं कुछ पशु पक्षियों का पालन करते हैं। इसी आधार पर संपूर्ण दुनिया में पशु चिकित्सक प्रणाली का विस्तार हुआ है। वर्तमान समय में दुनिया भर में पशु चिकित्सक बने हुए हैं। पशुओं के अस्पताल बने हुए हैं। इसीलिए वहां पर पशुओं के उपचार के लिए शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान समय में लगभग प्रत्येक पशु पक्षी का उपचार करना संभव है। आज के समय में शिक्षा पद्धति और विकास के नए पशु पक्षियों का इलाज किया जा रहा है, तो आजकल पूरी जानकारी के साथ विस्तार से बताएंगे कि पशु चिकित्सक कैसे बनें?

## क्या होता है पशु चिकित्सा

*जिस तरह से मनुष्य का इलाज करने हेतु विज्ञान में चिकित्सा की एक पद्धति है। ठीक उसी प्रकार विज्ञान के अंतर्गत पशु एवं पक्षियों का इलाज और उसका उपचार करने के लिए चिकित्सा की एक विशेष शाखा मौजूद है जिसे पशु चिकित्सा कहते हैं। मनुष्यों की तरह पशु पक्षियों में भी समय-समय पर तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्हें भी तरह के रोग होते हैं। इसके अलावा चोट लगना घाव लगना शरीर के अंग का कटना तथा विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से पशु पक्षियों को बचाने के लिए विज्ञान की शिक्षा पद्धति के आधार पर इनका उपचार करने हेतु पशु चिकित्सा होती है। पशु एवं पक्षियों का विभिन्न प्रकार का इलाज करने के लिए शिक्षा पद्धति को ग्रहण करना होता है। उसके बाद ही कोई भी व्यक्ति पशु चिकित्सक बनकर पशुओं का इलाज कर सकता है। आज के समय में लोग पशु और पक्षियों को काफी महत्वता दे रहे हैं इसीलिए बड़े पैमाने पर लोग पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं। आज के समय में पशु चिकित्सक बनकर लोग एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं क्योंकि सरकार की तरफ से संपूर्ण भारत में जगह जगह पर पशु चिकित्सालय आरंभ किए गए हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सक आने पर भी सरकार द्वारा जोड़ दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक को अच्छी सैलरी मिलती है। इसीलिए आज के समय में अधिकांश चिकित्सक बनना चाहते हैं।*

## जरूरी योग्यता

- *विद्यार्थी को कम से कम दसवीं कक्षा पास करनी होगी।*
- *दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा की डिग्री हासिल करनी होगी।*
- *12वीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सक बनाने के लिए कम से कम 50% अंक हासिल करने होंगे।*
- *बारहवीं कक्षा जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के तहत पास करनी होगी।*
- *पशु चिकित्सक बनने के लिए एआईपीवीटी या नीट यूजी एंट्रेंस एग्जाम को पास करना होगा।*




## पशु चिकित्सक शिक्षण संस्थान में आवेदन

- आप जिस यूनिवर्सिटी से पशु चिकित्सक का कोर्स करना चाहते हैं, उसे यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाएं।
- अब यूजर नेम और पासवर्ड की मदद से लॉगिन करें।
- अब यूनिवर्सिटी की ऑफिसल वेबसाइट पर उस कोर्स का चयन करें, जैसे आप करना चाहते हैं।
- अब होम पेज पर आपको संबंधित सभी शैक्षणिक योग्यता दिखा दी जाएगी।
- अब आपके सामने आवेदन फार्म खुल जाएगा।
- आवेदन फार्म को सही तरह से भरें तथा संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करें।
- अब प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें।
- रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपका प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन स्वीकार हो जाएगा।
- अब प्रवेश परीक्षा पास करके शिक्षण संस्थान में पशु चिकित्सा का कोर्स कर सकते हैं।

## 10वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

पशु चिकित्सक बनाने के लिए दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का चयन करके पशु चिकित्सक बन सकते हैं। दसवीं कक्षा पास करने के बाद वेटरनरी डॉक्टर बनने के लिए निर्धारित किए गए सभी कोर्स को भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान से कर सकते हैं। जैसे– भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली। पशु चिकित्सा महाविद्यालय तमिलनाडु। वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय तिरुपति। पशु चिकित्सा महाविद्यालय बेंगलुरु इत्यादि देश के विभिन्न पशु चिकित्सालय संस्थान से डिप्लोमा कर सकते हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा में डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त करने के बाद ऑल इंडिया प्री वेटरनरी टेस्ट देकर पशु चिकित्सा में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसमें डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी, डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग, डिप्लोमा इन वेटरनरी अस्सिटेंट, डिप्लोमा इन वेटरनरी लैब टेक्नीशियन जैसे पाठक्रम निर्धारित किए गए हैं।

## 12 वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

12वीं कक्षा पास करने के बाद अगर आप पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो आपको केमिस्ट्री, बायोलॉजी और फिजिक्स जैसे प्रमुख विषयों के अंतर्गत पास करनी होगी। महत्वपूर्ण विषयों से 12वीं कक्षा पास करने के बाद देश के विभिन्न बड़े और प्रमुख शिक्षण संस्थान में आवेदन लेकर पशु चिकित्सा के अंतर्गत बैचलर की डिग्री हासिल कर सकते हैं। पशु चिकित्सक बनने के लिए 12वीं कक्षा के पास करने के बाद निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं। बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी मेडिसन, बेचलर ऑफ बायो वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन एनिमल हेल्थ, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन बायो वेटरनरी(ऑनर्स), बेचलर ऑफ प्री वेटरनरी मेडिकल साइंस ।

## पशु चिकित्सक संस्थान

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली
- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नल
- पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज, बीकानेर
- सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस
- गोविंद बल्लभपंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर
- जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ी

---

# निष्पक्ष तरीके उम्मीदवार चयनित करने में संख्यात्मक प्रणाली मददगार



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अक्सर अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाता है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापने और मूल्यांकन करने के लिए होते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया में, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या या ग्रेड अनुमति दी जाती है, जो उनके क्षमताओं, योग्यताओं, और अनुभव को आधार मानकर निर्धारित किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के परीक्षण, साक्षात्कार, और कौशल मापन के माध्यम से उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाता है। अंक या ग्रेड का उपयोग उम्मीदवारों की प्रतिभा को सार्वजनिक रूप से मापने के लिए किया जाता है। यह संख्यात्मक प्रणाली कंपनियों को विश्वसनीय और निष्पक्ष तरीके उम्मीदवारों को चयनित करने में मदद करती है।

## न्याय को बनाए रखने में मदद करती

इस प्रकार, अंक या ग्रेडिंग के माध्यम से संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन एक स्वाभाविक और संवेदनशील प्रक्रिया होती है, जो न केवल उम्मीदवारों को न्याय से मूल्यांकन करती है, बल्कि समाज में समानता और न्याय को भी बनाए रखने में मदद करती है। प्रतिस्पर्धा युवा पीढ़ी की संपूर्ण व्यक्तित्व पर सीधे प्रभाव डालती है, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। इसका सकारात्मक प्रभाव है कि यह उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर प्रेरित करती है और उन्हें अपनी क्षमताओं को स्थायीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतिस्पर्धा की भावना युवाओं में अभिनय की भावना को बढ़ाती है, जो उन्हें सफलता की दिशा में अग्रसर बनाती है। यह उन्हें सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर अधिक सक्रिय बनाती है और सामूहिक योजनाओं में भागीदारी को बढ़ावा देती है। हालांकि, प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है। यह युवाओं को अतिरिक्त तनाव और दबाव में डाल सकता है, जो उनकी मानसिक स्वस्थता को प्रभावित कर सकता है। समान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के दबाव ने कई युवाओं को आत्म-विश्वास की कमी, चिंता और चिंता का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा के दौरान युवाओं के बीच सामाजिक दूरी और असन्तोष की भावना भी बढ़ सकती है। इसलिए, प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से देखने का महत्व है, लेकिन समानता और सहयोग की भावना को भी महत्व देना चाहिए। युवाओं को समझाया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा केवल एक अधिकार है, न कि उनकी आत्म-मूल्य का मापदंड। साथ ही, उन्हें स्वास्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें सहयोग, समानता, और सम्मान का वातावरण हो। संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाना एक प्रमुख प्रक्रिया है जो उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापती है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के कौशल, योग्यता, और अनुभव को मूल्यांकित करने में मदद करते हैं।

**प्रतिस्पर्धा की बढ़ती भावना:** संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करने में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग, उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकता है। यह उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सफलता प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रेरित कर सकता है।

**आत्म-मूल्यांकन की भावना:** अंकों या ग्रेडिंग के प्राप्ति से उम्मीदवार अपनी क्षमताओं और क्षमताओं का मूल्यांकन करते हैं। यह उन्हें अपने स्वयं के लिए स्वावलंबी और सक्षम महसूस करने में मदद कर सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य को करती प्रभावित

संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करते समय, उम्मीदवारों को अपने कौशलों और योग्यताओं के दावों को समर्थनित करने में दबाव महसूस हो सकता है। यह उन्हें अधिक अतिरिक्त काम करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कम अंकों की स्थिति में स्वाभाविक आत्म-संदेह स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो युवाओं को डिप्रेशन की ओर ले जाती है। यह सामाजिक प्रतिस्पर्धा की भावना, स्वाभिमान का नुकसान, और अधिकतर मामूली असफलताओं के लिए अपने आप को दोषी मानने की भावना से जुड़ा हो सकता है। यह अवस्था युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है और उन्हें डिप्रेशन, तनाव, और अन्य मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या को हल करने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेंटर्स या गुरुओं का उद्दीपन, उनके मार्गदर्शन, और समर्थन से युवा अपनी आत्म-संदेह को पराजित कर सकते हैं। मेंटर्स उन्हें संभाविततओं को देखने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे उन्हें सामान्यतः से बड़े दृष्टिकोण से समस्याओं को देखने और समाधान करने की कला सिखा सकते हैं। अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि वे अपने बच्चों को आत्म-संदेह की स्थिति से बाहर आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे अपने बच्चों को समर्थन प्रदान करते हैं, उन्हें समस्याओं का सामना करने के लिए उत्तेजित करते हैं, और उन्हें उनके क्षमताओं और पोटेंशियल के प्रति आत्म-विश्वास दिलाते हैं। साथ ही, मेंटल हेल्थ के लिए सामाजिक समर्थन का महत्व भी होता है। इसलिए, युवाओं को उनके परिवार, मित्र, और समुदाय के साथ संवाद करने और उनसे सहारा लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सम्भवतः उपर्युक्त उपायों के माध्यम से, युवाओं को आत्म-संदेह की स्थिति से निकालने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

खबर संक्षेप

## मतदाताओं को समझाया मतदान का महत्व

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि देश के नागरिक लोकतंत्र की समृद्ध विरासत के सूत्रधार हैं। नागरिकों द्वारा डाला गया प्रत्येक वोट केवल उंगली या मतपत्र पर एक निशान नहीं है, बल्कि बेहतर कल के लिए आशा की नई किरण है। भारत देश के 18वें लोकसभा चुनाव के तहत प्रदेश में 25 मई को मतदान होने हैं। मतदाता जागरूकता अभियान मतदान का ग्राफ बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट का अपना महत्व होता है।

## मकान से हजारों रुपये की सरसों चोरी

**बावल।** रायपुर में चोर वीरवार की रात एक मकान से हजारों रुपये की सरसों चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि उसने घर के बरामदे में 37 कट्टे सरसों रखी हुई थी। रात को चोर ग्रिल फांदकर 22 कट्टे सरसों चोरी कर ले गए। सुबह जब वह उठा तो सरसों गायब मिली। चोरी की गई सरसों की कीमत करीब 60 हजार रुपये है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गत 18 अप्रैल को पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर अपहरण व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने चरखी दादरी के बाढड़ा निवासी मोहित उर्फ शाका को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

## सास और बहन पर मारपीट का केस

**धारूहेड़ा।** मीरपुर में महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में उसकी सास और बहन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस बयान में पूनम कुमारी ने बताया कि वह घर की छत पर सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसकी सौतेली सास शकुंतला और छोटी बहन रीना ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित महिला के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## मारपीट के आरोप में दो महिलाएं काबू

**कोसली।** गुजरवास में एक महिला के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत वर्ष 19 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुजरवास निवासी रीना व ममता को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों महिलाओं को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## युवक से मारपीट में सात लोग नामजद

**कसोला।** आईएमटी में एक कंपनी में कार्यरत युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में आसलवास निवासी प्रवीन कुमार ने आरोप लगाया कि अन्नू, मिथलेश, अजय, महेंद्र, बिरेंद्र, टिंकू व हितेश ने कंपनी के गेट पर आकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**रेवाड़ी।** आउटर बाइपास रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। दिल्ली के आया नगर निवासी रुद्रसेन बाइक से रेवाड़ी आ रहा था। गढ़ी बोलनी रोड पर आउटर बाईपास चौक पर बोलेनो कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह घायल हो गया। नजदीक खड़ी पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईसीआई के नियमानुसार किट तैयार करने के दिए निर्देश

# पोलिंग पार्टियों की सेकंड रिहर्सल को लेकर तैयारियों का जायजा लिया

- किट में ईसीआई के नियमानुसार सभी जरूरी सामान प्रविष्ट किया जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। रिहर्सल को लेकर तैयारियों का जायजा लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के चलते राजकीय नेहरू पीजी कॉलेज का दौरा कर कालेज परिसर में स्थापित स्थापित स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र और 13 व 14 मई को होने वाली पोलिंग पार्टियों की सेकंड रिहर्सल को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को दिए जाने वाली चुनाव सामग्री का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव प्रणाली में पोलिंग पार्टियों के अलावा सामान वितरण कार्य में लगे कर्मियों का अहम रोल होता। ऐसे में मतदान किट में आवश्यक प्रोफार्मा व अन्य जरूरी सामान नियमानुसार जांच उपरांत ही डाला जाए, चैक लिस्ट के अनुरूप जरूरी सामान से ही चुनाव संपन्न कराने में काफी मदद मिलती है, यह तभी संभव है, जब किट में ईसीआई के नियमानुसार सभी जरूरी सामान प्रविष्ट किया जाए। इससे वोटिंग प्रक्रिया के दौरान पोलिंग पार्टी को किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए।



झज्जर। एचडी संस्थान के होनहार विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## एनडीए परीक्षा में एचडी संस्थान के 16 विद्यार्थी क्वालिफाई

**झज्जर।** एनडीए द्वारा घोषित प्रथम चरण के घोषित परिणाम में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के 16 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि परीक्षा क्वालिफाई करने वाले विद्यार्थियों में दीक्षित, अक्षित, अनिकेत, भूमिका, अमित, हर्ष, आकाश, अमन, विवेक, मोहित, निशांत, कुणाल, दिशांत, अश्वनी, हरीश व धीरज शामिल हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को विद्यालय में दी जाने वाली निःशुल्क कोचिंग का परिणाम बताया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का आगाज 13 से



**झज्जर।** सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का आगाज आगामी 13 मई से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सभी कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों की पहचान करना, उन्हें मल्टी ड्रग थेरेपी सेवाओं के तहत लाना, उनका इलाज पूरा करना और इस तरह खतरनाक बीमारी कुष्ठ रोग के आगे प्रसार पर नियंत्रण करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए जिले में 118 टीम बनाई गई है। प्रत्येक टीम में एक आशा वर्कर और एक मेल वॉलंटियर है। ये सभी टीमें जिले के शहरी क्षेत्र झज्जर और बहादुरगढ़ में 50000 घरों में मौजूद 225000 लोगों की स्क्रीनिंग करेंगे। इन टीमों के सुपरविजन के लिए 24 सुपरवाइजर बनाए गए है।

## फैक्ट्री संचालक से पांच लाख की ठगी

**बावल।** एचएसआईआईडी के सेक्टर-3 स्थित स्टील उत्पाद बनाने वाले फैक्ट्री के संचालक को सामान भेजने के नाम पर 5 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद धोखधड़ी करने वाले व्यक्ति का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। फैक्ट्री संचालक मनीष यादव ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने भिलाई की मैसर्स विनायक कंपनी से स्टील मंगवाने के लिए फोन पर बात की थी।

इसके बाद उसने फोन पर हुई बात के अनुसार बताए गए खाते में 5 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। लगभग 25 दिन का समय बीतने के बाद भी सप्लायर माल की आपूर्ति नहीं कर पाया।

## हर्ष विहारः मोबाइल लूट का विरोध करने पर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में हुए मर्डर केस को पुलिस ने 14 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। इसके लिये यूपी और हरियाणा में छापेमारी की गई। इसके बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वारदात को मोबाइल लूट का विरोध करने पर अंजाम दिया गया था। पुलिस के अनुसार यह वारदात 7 मई की रात को सामने आई थी। एक शख्स को घायल हालत में जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जब पुलिस टीम अस्पताल पहुंची तो वहां बबलू सिंह नाम का शख्स मिला। उनसे बताया कि अपने पड़ोसी जगतपाल को घायल अवस्था में घर के बाहर पड़ा हुआ देखा था। इसके बाद तुरंत उसे अस्पताल लेकर आया। जांच में पता चला कि घायल जगतपाल मंडोली के मिलन गार्डन स्थित गली नंबर 2 में रहते थे। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि मृतक के शरीर पर शार्प इंजरी है। उसके सीने पर बांयी तरफ वार किया गया था। डीसीपी डॉक्टर जॉय टिर्की के बताया कि आरोपी का नाम रोहित उर्फ रायता, मेजर और सूरज है। सूरज को हरियाणा के सोनीपत से और बाकी दो को यूपी से पकड़ा गया। इनसे चाकू, मोबाइल और वारदात के दौरान पहने गये कपड़े बरामद कर लिये गये हैं।

## मोबाइल कंपनी के टॉवर से उपकरण चोरी

**झज्जर।** स्थानीय यादव कालोनी में लगे एक मोबाइल नेटवर्क संबंधी कंपनी के टॉवर से उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर दहकोरा निवासी मनीष ने बताया कि बीती एक मई की दोपहर बाद करीब पौने चार बजे साईट डाउन अलार्म आया तो उन्होंने यादव कालोनी में लगे टॉवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि साईट से दो आरआरयू चोरी हो गए हैं।

उन्होंने अपने स्तर पर संबंधित उपकरणों को तलाश करने की कोशिश भी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक लाख 88 हजार 992 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में गेहूं फसल का उठान करते हुए श्रमिक।

जिले भर में रबी की फसलों की खरीद व उठान का कार्य सुगमता से किया जा रहा हैं। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिले में मंडियों और खरीद केंद्रों से एक लाख 88 हजार 992 मीट्रिक टन गेहूं और 57 हजार 87.72 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। खरीद एजेंसियों द्वारा 95 प्रतिशत सरसों व 79 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 41 हजार 152 मीट्रिक टन, बादली अनाज मंडी में 10588 मीट्रिक टन, ढाकला अनाज मंडी में 8177 मीट्रिक टन, बेरी अनाज मंडी 46 हजार 766 मीट्रिक टन, मातनहेल अनाज मंडी से 20262 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 34193 मीट्रिक टन, छारा खरीद केंद्र पर 17 हजार 912 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ अनाज मंडी पर 987 मीट्रिक टन तथा आसौदा खरीद केंद्र पर 8956 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।

## दिल्ली से किराए पर लाए थे कैब चकमा देकर गाड़ी लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से किराए पर कैब लेकर आए तीन युवक चालक को चकमा देकर कैब लेकर फरार हो गए। कैब में चालक के दो मोबाइल फोन व नकदी से भरा पर्स भी था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। यूपी के कपसिया मुबारिकपुर निवासी जगबीर ने बताया कि वह कमर्शियल कैब चलाता है। वह स्विफ्ट डिजायर कार को कैब के रूप में चलाता है। तीन युवकों ने उससे कैब रेवाड़ी के लिए बुक की थी। वह उन्हें लेकर रेवाड़ी आया तो उन्होंने नारनौल रोड की ओर चलने के लिए कहा। हरिनगर के पास तीनों ने लघुशंका के लिए गाड़ी रुकवा ली। जब वह लघुशंका करने के बाद गाड़ी में आकर बैठ गए, तो वह खुद गाड़ी से उतरकर पेशाब करने के लिए चला गया। इसी दौरान तीनों उसकी गाड़ी लेकर फरार हो गए।

### गाड़ी मालिक को दी घटना की सूचना


जगबीर ने बताया कि कार में उसके दो मोबाइल फोन, 4 हजार रुपये सहित पर्स व उसके कई दस्तावेज भी हैं। उसने घटना की सूचना गाड़ी मालिक भूपेश को दी। सूचना मिलने के बाद गाड़ी मालिक आ गया। इसके बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार व आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## शराब के नशे में पत्नी से मारपीट, पति के खिलाफ केस दर्ज

**बावल।** बनीपुर में शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। अस्पताल में उपचाराधीन आरती ने आरोप लगाया कि उसका पति शराब का आदि है। वह अक्सर उसके साथ नशे में मारपीट करता है। बुधवार की रात उसके पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे लात-घूंसों से तब तक पीटा, जब तक पड़ोस के लोग शोर सुनकर वहां नहीं आए। लोगों के आने पर वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। वह घायलावस्था में किसी तरह अस्पताल पहुंची।

# दो युवकों पर चढ़ाई थी बोलेरो कैंपर हत्या के प्रयास में तीन आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बीते 25 अप्रैल को कुंड बैरियर के पास दो युवकों पर सीधे बोलेरो कैंपर गाड़ी चढ़ाकर हत्या का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गाड़ी चढ़ाने की सीसीटीवी फुटेज भी जमकर वायरल हुई थी। इस हादसे में घायल दोनों युवक अभी भी उपचाराधीन हैं। पुलिस को दर्ज शिकायत में मनेठी निवासी धर्मेंद्र ने बताया था कि वह, शुभम व वेदपाल कुंड बैरियर के पास वेदपाल के सर्विस स्टेशन पर बैठे हुए थे। इसी दौरान सफेद रंग की बोलेरो कैंपर गाड़ी वहां आई। गाड़ी में सवार महेंद्रगढ़ के खैराना निवासी संदीप उर्फ मामा, ढाणी कोलाना निवासी सूरज, पाडला निवासी अंकित, मनेठी निवासी नीरज, कुंड निवासी जितेंद्र उर्फ जीता गुर्जर, सोनू व दो-तीन अन्य युवक मौजूद थे। लाठी डंडों से लैस इन लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के दुकान व उनके घरों के लोग वहां आ गए। इसके बाद गाड़ी चालक ने तेजी से बोलेरो कैंपर भागते हुए वेदपाल व अंकित पर सीधे गाड़ी चढ़ा दी। वह खुद गाड़ी की चपेट में आ गया। उसने आरोप लगाया कि इस वारदात को मनेठी निवासी पंकज धीर के कहने पर अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट व हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने ढाणी शोभा निवासी सुदेश उर्फ सूरज, महेंद्रगढ़ के सुरजनवास निवासी शिवकुमार उर्फ सोनू व कुंड निवासी जितेंद्र उर्फ जीता गुर्जर को मांढण मोड़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### खौफनाक वारदात को दिया था अंजाम

इस खौफनाक वारदात के तुरंत बाद सीसीटीवी फुटेज सामने आई थी, जो जमकर वायरल हुई थी। फुटेज में गाड़ी चालक दो युवकों पर सीधे बोलेरो कैंपर चढ़ाकर भागता हुआ दिखाई दे रहा था। उसने भागते समय एक बाइक को भी टक्कर मारी। इसके बाद वेदपाल को प्राइवेट अस्पताल में और अंकित को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया था। पुलिस ने मामले के अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## भाभी पर आया दिल तो कर दिया सगे भाई का कत्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



नांगलोई पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस खुलासा किया है। आरोपी को बिहार से लगभग 1200 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पकड़ा जा सका। परमजीत मृतक का छोटा भाई था और भाभी को पसंद करता था। भाई की 10 माह पहले ही शादी हुई थी। डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार 4 मई को सुबह लगभग 8:59 बजे निहाल विहार और नांगलोई थाने को पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि मेरे भतीजे का किसी ने गला काटकर मर्डर कर दिया है। पुलिस ए-286, राव विहार, गली नंबर 6, नांगलोई पहुंची तो अमरजीत नामक शख्स का शव बरामद हुआ। 30 वर्षीय युवक पिछले 10 साल से अपने चाचा लक्ष्मण के घर में रह रहा था। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तीन टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया। मृतक जोमेटो में डिलीवरी ब्वॉय था। 10 माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। मृतक की सीडीआर का विश्लेषण करने पर पाया कि भाई परमजीत पिछले सप्ताह में दो बार दिल्ली आया था। इसके बाद दोबारा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि घटना वाले दिन परमजीत मृतक के घर के पास मौजूद था। संदिग्ध परमजीत को पकड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई छापे मारे गए हैं। वह लगातार अपना स्थान बदल रहा था। आखिर में उसे बिहार से दबोच लिया गया। आरोपी ने खुलासा किया कि भाई अमरजीत की पत्नी गांव में ही रह रही थी। वह अपनी पत्नी को अपने साथ दिल्ली लाने का फैसला कर चुका था। इस फैसले से परमजीत नाराज हो गया और उसने अमरजीत पर अपने माता-पिता की देखभाल के लिए अपनी पत्नी को मूल स्थान पर छोड़ने का दबाव डाला लेकिन अमरजीत उससे सहमत नहीं हुआ। इसके बाद परमजीत ने अपने भाई अमरजीत की हत्या की योजना बनाई। दो मई को वह दिल्ली आया और भाई की दैनिक गतिविधियों को देखने के लिए नांगलोई के एक पार्क में रुका। इसके बाद उसने योजना को अंजाम देने के लिए एक चाकू खरीदा। अगले दिन वह सुबह-सुबह अमरजीत के घर गया। दरवाजे पहले से ही खुले थे इसलिए वह आसानी से घर में घुस गया और अपने सोते हुए भाई की गर्दन चाकू से काट दी।

## खड़े ट्रॉले में घुस गई कैंटर चालक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कापड़ीवास फ्लाईओवर पर शुक्रवार तड़के एक खड़े ट्रॉले में कैंटर गाड़ी घुस गई। इस हादसे में कैंटर चालक की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। यूपी के गढ़ेवा गांव निवासी मनीष कुमार दिल्ली के महीपालपुर में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी की कैंटर गाड़ी पर चालक था। वह फ्लिपकार्ट कंपनी के गोदाम से सामान लोड करने के बाद दिल्ली के लिए चला था। सुबह करीब साढ़े 3 बजे कापड़ीवास फ्लाईओवर पर एक ट्रॉला बिना इंडिकेटर जलाए हुए खड़ा था। मनीष को सामने से लाइट पड़ने के कारण ट्रॉला दिखाई नहीं दिया। उसकी कैंटर गाड़ी ट्रॉले में घुस गई।

वह कैंटर की केबिन में बुरी तरह फंस गया। वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे कैंटर से निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## शेयर मार्केट में प्रोफिट का लालच दिखाकर ठगी करने वाले तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट पर अच्छे प्रॉफिट का झांसा देकर लाखों की चीटिंग करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने किया है। गैंग के तीन आरोपियों को गुजरात में छापा मारकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी चीटिंग की रकम को तुरंत अलग अलग एटीएम से निकालकर आपस में बांट लेते थे। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम भूपत, विपुलढान और चंद्रेश हैं। तीनों गुजरात के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। 23 मार्च को साध नगर, पालम निवासी शख्स ने 8.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की थी। छानबीन के दौरान पुलिस टीम ने टैक्निकल सर्विलांस और बैंक खाता नंबर और मोबाइल नंबरों की तफ्तीश की गई। आखिर में पुलिस टीम आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई और गुजरात में छापा मारकर इन्हें पकड़ा गया। इनके पास से सात मोबाइल, सिम आदि सामान बरामद किये गये हैं। जांच में पता चला कि आरोपी 26 लाख 50 हजार की चीटिंग के मामले में भी शामिल रहे हैं। पंजाब के रहने वाले एक शख्स को चूना लगाया गया था। इनके खातों में 30 लाख रुपए की ट्रांजेक्शन का भी पता चला है।

## ऑटो में महिला के गले से सोने की चेन उड़ाई

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन से मोती चौक ऑटो में गई एक महिला के गले से सोने की चेन काट ली गई। महिला ने ऑटो में सवार हुई तीन महिलाओं और ऑटो चालक पर संदेह व्यक्त किया है। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। गुरूग्राम निवासी नर्मदा ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी के साथ गुरूग्राम से ट्रेन में रेवाड़ी आई थी। उसने रेलवे स्टेशन से पर्सनल ऑटो बुक किया था। वहां से चलते ही ऑटो चालक ने जबरन मुंह पर कपड़ा बांधे हुए तीन महिलाओं को भी बैठा लिया। जब वह मोती चौक पर पहुंची तो ऑटो चालक महिलाओं के साथ फरार हो गया।

# तीन को चाकुओं से गोदा, दो किशोरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दक्षिण जिले के तिगड़ी थाना इलाके में तीन युवकों को चाकुओं से गोद डाला गया। इनमें दो की मौत हो गई। तीसरा अस्पताल में भर्ती है। मरने वाले दोनों किशोर थे। फिरोज और आसिफ की उम्र 17 वर्ष थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार वारदात की सूचना 8 मई को मिली थी। पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां फिरोज निवासी संगम विहार सड़क पर खून से लथपथ मृत पड़ा मिला। इसके अलावा यह पता चला कि आसिफ और सलमान निवासी संगम विहार को भी चाकू मारा गया था। उन्में एम्स और मजीदिया अस्पताल ले जाया गया था। बाद में एम्स में इलाज के दौरान आसिफ की भी मौत हो गई। तिगड़ी थाने में आईपीसी की धारा 302/307/323/341/148/149 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि 4-5 युवक सी-ब्लॉक, संगम विहार में खड़े थे। तभी अचानक 6-7 लड़के आए और उन्हें चाकू मारना शुरू कर दिया। इसके बाद सभी लड़के मौके से भाग गए। उनके से फरीद उर्फ अमन (19) और अभिषेक उर्फ बाबू उर्फ शूटर (19) को अरेस्ट कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार किए गए आरोपी युवकों ने खुलासा किया कि वे सभी सी एंड बी ब्लॉक, संगम विहार में एक ही इलाके में रहते हैं। सभी स्कूल छोड़ चुके हैं।

### अमन विहारः युवक की हत्या में दो नाबालिग समेत चार पकड़े

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के अमन विहार थाना इलाके में सनसनीखेज हत्या के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। मामले में दो नाबालिगों समेत चार को पकड़ा है। इनसे अपराध में प्रयुक्त दो चाकू और दो मोबाइल भी बरामद हो गये हैं। गिरफ्तार दो आरोपियों के नाम गणेश उर्फ एलेक्स और पुष्पेंद्र उर्फ गौरव है। डीसीपी गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि 8 मई को अमन विहार के कैलाश विहार में एक लड़के को चाकू मारने के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि पीड़ित 17 वर्षीय किशोर को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के लिये एक टीम का गठन किया गया था।

सूचना

मैं, श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री संतु राम निवासी 208/8, नेताजी नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री करिना मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। करिना अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### सात लोगों की आंखों का करवाया ऑप्रेशन

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने दिल्ली के द्वारका में स्थित परफेक्ट लेजर आई सेंटर में 7 लोगों की आंखों का ऑप्रेशन करवाया। दरअसल, रविवार को भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर द्वारा लगवाए जा रहे निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में जांच के उपरांत इन लोगों को आंखों के ऑप्रेशन के लिए चिह्नित किया गया था। रविंद्र छिल्लर द्वारा वर्ष 2016 से लेकर अब तक 3212 लोगों की आंखों का ऑप्रेशन करवाया जा चुका है।

### मातृशक्ति को किया नमन

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में मातृशक्ति के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान समर्पित माताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद नीतू शौकीन ने कहा कि बिना नारी के समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कभी पितृ भाषा नहीं कहा जाता है, जब भी कहा जाता है मातृभाषा ही कहा जाता है। एक माता अपने गुणों से पूरे परिवार को संवार देती है।

### नहीं हुई मृतक की पहचान

**बहादुरगढ़।** एनसीआर माइनर में मिले शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शनिवार को निर्धारित समयावधि समाप्त हो जाने के बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा दाह संस्कार के लिए संस्था को सौंप देगी। दरअसल, मंगलवार की देर शाम को रोहद में रेलवे पुल के निकट एनसीआर माइनर में एक युवक का शव नग्नावस्था में मिला था। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवाने के बाद पहचान के प्रयास शुरू किए। आसपास चौकी, थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटाई। गांवों में भी पूछताछ की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। ऐसे में अब पुलिस शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराएगी।

### गांव भदाना की चौपाल में मनाया जन्मोत्सव

# रेखाचित्र के माध्यम से किया भगवान परशुराम को नमन

हिंदू शास्त्रों के अनुसार परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर उनका रेखाचित्र बनाया गया। मुकेश शर्मा ने बताया कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। इस चौपाल रंगोली में भूतपूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामवतार शर्मा, रमेश कौशिक, श्रीभगवान कौशिक, धर्मदास वशिष्ठ, अमित वशिष्ठ, केशव वशिष्ठ, अर्जुन वशिष्ठ, अलीशा वशिष्ठ ने मिलकर भगवान परशुराम के रेखाचित्र को नमन किया।



झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया भगवान परशुराम का रंगोली रेखाचित्र। फोटो : हरिभूमि

## परशुराम जंयती पर किया हवन का आयोजन

**झज्जर।** श्री ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर रेवाड़ी रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ हवन कार्यक्रम में सभा के पदाधिकारियों ने आहुति डालते हुए सर्वमंगल की कामना की। इस दौरान ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी पंकज देवरखाना, रविंद्र कौशिक, पंडित संत सुरेहती, बालकिशन, विजय कुमार , पंडित ईश्वर, जगत, प्रवीण, पार्षद मिथुन, एडवोकेट पंकज, डॉक्टर संदीप, महाबीर, हरिओम, रामकरण, ढिल्लू, नारायण, राजेंद्र गौड, जयकिशन, श्रीनिवास, धर्मबीर, कुलदीप, दीपक भारद्वाज, डॉक्टर अशोक दीक्षित, रणधीर भारद्वाज, मनीष, रामचंद्र, डॉक्टर ओमप्रकाश, मूलचंद शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। यज्ञ-हवन के दौरान पूजा-अर्चना करते हुए ब्राह्मणसभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### परशुराम मंदिर में हुआ हवन-भंडारा

**बहादुरगढ़।** शहर की सब्जी मंडी के नजदीक स्थित भगवान परशुराम मंदिर में शुक्रवार को हवन का अयोजन किया गया। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मंदिर धर्मशाला अध्यक्ष राजेश शर्मा, महेंद्र कसारिया, अश्वनी बराही, ऋषि, रोहतास व धर्मेंद्र आदि ने हवन में आहुति डाली। हवन उपरांत धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ब्राह्मण सभा ने मनाई परशुराम जयंती

बहादुरगढ़। ब्राह्मण सभा द्वारा संचालित दयानंद नगर के भगवान परशुराम मंदिर में शुक्रवार को परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर हवन हुआ। इसमें सभा के प्रधान पंडित तोताराम, राजकुमार गौतम, सोमदत्त, संतराम, देवीदत्त, केके कौशिक, पंडित प्रेमनाथ मिश्रा समेत अन्य सदस्यों ने आहुति डाली। हवन के उपरांत ब्राह्मण सभा के प्रधान तोताराम ने सभी सदस्यों को भगवान परशुराम की महिमा से अवगत कराया।



बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते ब्राह्मण सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। संस्कारम स्कूल के होनहार विद्यार्थी खुशी मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# एनडीए परीक्षा में संस्कारम के बारह विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**झज्जर।** एनडीए के घोषित परिणामों में संस्कारम के बारह विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में अमन, अंशु, अनुज, सचिन, निक्की, अमन, भव्य, विशाल, दीपांशु, तुषार, शिवम् डबास व विवेक शामिल हैं। संस्था के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि हाल ही में घोषित एसएसबी की अंतिम चयनसूची में भी उनके संस्थान की छात्रा रितिका व छात्र मंदीप का चयन हुआ है। विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि को स्कूल में हर पंद्रह दिन में आयोजित किए जाने संस्कारम संकल्प टेस्ट और स्पेशल डाउट क्लास्सेज को अपनी सफलता का आधार बताया। उन्होंने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खेड़ी होशदारपुर में नकदी व आभूषण चोरी पड़ोसियों की सहायता से एक चोर पकड़ा

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खेड़ी होशदारपुर में चोरों द्वारा एक घर से न केवल नकदी व आभूषण चुरा लिए बल्कि चोरी करने के दौरान आवाज से जागे घरवालों के साथ डंडों से मारपीट भी की। पुलिस को दी शिकायत में अनिल पुत्र रामफल ने बताया कि बीती रात जब वह अपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था तो सुबह करीब सवा चार बजे अलमारी खुलने की आवाज के कारण उसकी आंख खुल गई। उसने देखा तो दो व्यक्ति उसके घर के अंदर कमरे में घुसे हुए थे और तीन अन्य लोहे के बिट्टे लिए उनकी चारपाई के पास खडे. थे। जब उसने आवाज लगाई तो चारपाई के पास खडे. लोगों ने उसके परिवार पर डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आस-पड़ोस के लोग आए तो चोर मौके से भाग निकले। अनिल के अनुसार इस दौरान एक व्यक्ति को पकड़ भी लिया गया जिसे बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस दौरान उसके घर से कुछ आभूषण व करीब दो लाख साठ हजार रुपये की राशि चोरी हुई है। अनिल ने बताया कि उसके घर पर इससे पहले भी चोरी हो चुकी है।

## प्रदेश में विधानसभा भंग कर नए सिरे से करवाए जाए चुनाव, राष्ट्रपति शासन लागू हो : दीपेंद्र हुड्डा

**झज्जर।** कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा ने शुक्रवार को झज्जर हलके के गांव खेड़ी खुम्मार, खातीवास, रुडियावास, नौगांवा, सासरौली, मालियावास, बिरोहड़, कालियावास, खाचरौली, सेहलंगा, ढहलानवास, झामरी, बाजितपुर, खोरड़ा, बहु, खेड़ा थरु, खानपुर कलां, चेहडा, खानपुर खुर्द, गोरिया आदि में चुनाव प्रचार किया व सभाओं को संबोधित करके लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस सरकार से कोई वर्ग खुश नहीं है, यहां तक कि सरकार को समर्थन देने वाले विधायक भी सरकार से नाराज हैं। तभी 3 निर्दलीय विधायकों ने बीजेपी से समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बहुमत के लिए आवश्यक 45 विधायक भाजपा के पास नहीं हैं, इसलिए विधानसभा भंग हो, राष्ट्रपति शासन लागू हो, नए चुनाव कराए जाएं। इस दौरान विधायक गीता भुक्कल, राजस्थान से कांग्रेस विधायक शिखा बराला मौजूद रहीं। हरियाणा की भाजपा सरकार के पांच लड़खड़ा चुके हैं। जनता का वोट एक हैं, लेकिन इस चुनाव में चोट दो होंगी। यहां की जीत वाया दिल्ली चंडीगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाएगी। अपने काम गिनवाते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि उन्होंने एम्स-2 बाढ़सा में एशिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य परिसर का प्रस्ताव भारत सरकार से मंजूर कराया, जिसमें राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अलावा हजारों करोड़ रुपये की लागत वाले राष्ट्रीय महत्व के 10 अन्य संस्थान भी मंजूर कराए। इसके अलावा जसौर खेड़ी में अंतरराष्ट्रीय नाभिकीय विश्वविद्यालय (जीसीएनईपी) मंजूर कराकर निर्माण कराया।



झज्जर। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते दीपेंद्र हुड्डा। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अपनी माताओं के साथ नन्हे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आकाश इंटरनेशनल में मनाया मदर्स-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अशोका इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने प्री स्कूल कान्हा कुंज सोलधा व कान्हा कुंज लुक्सर के बच्चों और माताओं के साथ कार्यक्रम किया।

इसमें बच्चों के साथ आई उनकी माताओं का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मां के लिए कविता गाकर सबका मन मोह लिया। कक्षा दूसरी व तीसरी के बच्चों ने अपनी माताओं के साथ नृत्य किया।

स्कूल में आई माताओं ने अपने बच्चों के लिए बाल गीत गाए तथा अपने बच्चों के साथ रैंपवॉक की। बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड अपनी माताओं को भेंट किए। स्पीच प्रतियोगिताओं में टॉप रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल निदेशिका विजयलक्ष्मी तथा चेयरमैन डॉ अशोक शर्मा ने बच्चों का मां की ममता के महत्व से अवगत करवाया।

# रोहतक तक मेट्रो लाना मेरा लक्ष्य, हर हाल में करूंगा पूराः डॉ. अरविंद शर्मा

**रोहतक।** भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के गांवों में आयोजित जनसंपर्क अभियान चलाया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि रोहतक तक मेट्रो लाना उनका लक्ष्य है, जिसे हर हाल में पूरा किया जाएगा, हरियाणा सरकार आसौदा तक तो मेट्रो की मंजूरी दे चुकी है और भाजपा सरकार बनते ही इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा और रोहतक तक मेट्रो को लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महम-हांसी रेलवे लाइन को लेकर दीपेंद्र हुड्डा झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस ने तो 2009 से लेकर 2014 तक प्रोजेक्ट को लटकाया रखा और भाजपा सत्ता में आने के बाद इसे पूरा किया गया है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में तो पूर्व सीएम हुड्डा ने गढ़ी सांपला किलोई हल्के के लोगों के साथ विश्वासघात किया और विपक्ष में रहने के दौरान एक बार भी विधानसभा में हल्के के विकास के लिए आवाज तक नहीं उठाई, और अब सीएम बनने की बात कहकर लोगों को गुमराह कर रहे है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर और लोगों को गुमराह करके चुनाव जीतना चाहती है। भाजपा सरकार ने आज गुंडागर्दी पूरी तरह से खत्म कर दिया है। पहले जिस प्रकार लोग किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लेते थे, बाजारों में गुंडागर्दी करते थे और सरेआम लोगों को धमकी दी जाती थी, वह सब समाप्त हो गई है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, गरीब मजदूरों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, युवाओं की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद इन लोगों को आगे बढ़ाने की दिशा में नीतियों को बनाया और उन्हें लागू किया। पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक भाजपा सरकार ने योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जबकि कांग्रेस ने देश को तोडने और लोगों के साथ अन्याय करने का काम किया है।



रोहतक। गढ़ी सांपला किलोई हल्के के गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद अरविंद शर्मा।

### अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी हो गए। वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायत दे दी है। बराही के निवासी विकास ने कहा है कि वह बहादुरगढ़ में बराही रोड स्थित एक क्लीनिक में थेरेपी कराने के लिए आया था। अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी बाहर खड़ी कर दी। थेरेपी के बाद बाहर निकला तो स्कूटी नहीं मिली। खूब तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं, आसौदा के निवासी अंकित का कहना है कि वह पाहसोर में नौकरी करता है। गत आठ मई को ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के पास अपनी बाइक खड़ी की और बस के जरिये पाहसोर चला गया। शाम को वापस आया तो बाइक वहां नहीं मिली, जहां खड़ी की। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया। पुलिस तलाशने में मदद करे।



झज्जर। फैशन शो में भागीदारी करते हुए नन्हें विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## किड्ज शैशव मांटेसरी स्कूल में गीतों पर डांस कर विद्यार्थियों ने बांधा समां

**झज्जर।** किड्ज शैशव मांटेसरी स्कूल में शुक्रवार को मदर्स-डे के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर कीनू गोयल, दीप्ति जैन व प्राचार्या उषा गहलोत मौजूद रहीं। इस दौरान विद्यार्थियों ने जहां फैशन शो व मां से संबंधित विभिन्न फिल्मी गीतों पर डांस कर समां बांधा वहीं अपने हाथों से तैयार ग्रीटिंग भी अपनी माताओं को सौंपे। प्राचार्या उषा गहलोत ने बताया कि मां की ममता और स्नेह तथा पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों की माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन भी किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## आईटीआई व मकान में चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर यहां लगे दो एसी के कंप्रेसर चुरा ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में प्रिंसिपल ने कहा है कि आईएमसी और एसओटी क्लास रूम में लगे एयर कंडिश्नर के बाहरी कंप्रेसर चोरी हुए हैं। जब एक मई को कुछ कर्मचारी पिछले हिस्से में गए तो मामले का पता चला। इसके बाद अपने स्तर पर जांच शुरू की। इस संबंध में कर्मचारियों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, रणजीत कॉलोनी में एक मकान में चोरी हो गई। शिकायतकर्ता देवेंद्र का कहना है कि रात को परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुसे और वारदात को अंजाम दे गए। सुबह जब आंख खुली तो सामान अस्त-व्यस्त पाया। कमरे में से दो मोबाइल गायब थे। वहीं मकान के अंदर खड़ी बाइक भी नहीं मिली। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आसौदा में बनाया एसीपी आफिस

**बहादुरगढ़।** आसौदा क्षेत्र के लोगों कि सुविधा को ध्यान में रखते हुए रोहतक-दिल्ली रोड स्थित पुरानी आसौदा चौकी के भवन में एसीपी आफिस बनाया गया है। एसीपी राजेंद्र सिंह को इसका कार्यभार सौंपा गया है। आसौदा के लोगों को अपने कामकाज के लिए बहादुरगढ़ जाने की आवश्यकता न पड़े, इसलिए यह कदम उठाया गया है।

# उत्तरी बाइपास के निर्माण के लिए सीएम से मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

उत्तरी बाईपास को लेकर संघर्ष करने वाले भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने निर्माणाधीन उत्तरी बाइपास का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नाहरा-नाहरी रोड से करीब 500 मीटर पहले निर्माण कार्य काफी लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। जबकि आसौदा खरखोदा रोड से बराही होते हुए यहां तक ड्रेन की दीवारों का का कार्य पूरा हो चुका है। दोनों तरफ बनने वाले 9-9 मीटर की सड़क का निर्माण भी अभी तक अधूरा है। इसे लेकर सतीश छिकारा ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करके उत्तरी बाइपास के निर्माण कार्य को गति देने की मांग की जाएगी। ताकि बहादुरगढ़ का यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूरा हो सके।



# उधार देने से मना किया तो दुकानदार को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के धौड़ चौक पर मनी ट्रांसफर व परचून की दुकान चलाने वाले युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। खातीवास गांव निवासी पीड़ित दुकानदार रविकांत ने बताया कि उसकी दुकान के सामने धौड़ गांव के कुछ युवकों द्वारा फाइनेंस कार्य संबंधी कार्यालय खोला हुआ है। शुक्रवार की शाम उस कार्यालय से एक युवक ने उधार सामान मांगा तो उसने पहले की उधारी मांगते हुए अन्य सामान देने से मना कर दिया। इस बात से नाराज हुए युवक ने अपने साथियों को बुलाकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। लोगों द्वारा बीच-बचाव कराया गया और झगड़े की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी। पुलिस ने युवक के बयान लेने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



झज्जर। पीड़ित दुकानदार रविकांत।

# बंद पड़े पुराने प्याऊ, नए भी व्यवस्थित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन बहादुरगढ़ के बाजारों में राहगीरों के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं है। पुराने प्याऊ बंद हो चुके हैं और नए आधुनिक प्याऊ यानी वाटर कूलर आदि सही स्थिति में नहीं है। इतना ही नहीं, बाजारों में शौचालयों की व्यवस्था भी नहीं है। लोगों द्वारा बाजारों में इन मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने की मांग की जा रही है।

दरअसल, दो-तीन दो दशक पहले तक शहर के बाजारों में खूब प्याऊ हुआ करते थे। अकेले बहादुरगढ़ के मेन बाजार में ही गांधी चौक, फिर थोड़ा आगे जैन मंदिर वाली गली की शुरुआत में, पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक आदि सहित अन्य जगहों पर प्याऊ की व्यवस्था थी। अधिकांश प्याऊ पर बकायदा एक कर्मचारी मौजूद रहता था, जो लोगों को पानी पिलाता। इसके अलावा चौक-चौराहों, कुछ दुकानों के बाहर अथवा पेड़ों के नीचे भी पानी के घड़े दिख जाया करते। यानी उस मंदे दौर में राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था थी। वे पुराने प्याऊ आज बंद हो चुके हैं। हालांकि कहीं-कहीं कुछ लोगों व संस्थाओं द्वारा आधुनिक प्याऊ (वाटर कूलर) की व्यवस्था की जाती है, लेकिन देखरेख के अभाव में ये दम तोड़ जाते हैं। अक्सर इन वाटर कूलरों में खराबी देखने को मिलती है। कहीं सफाई नहीं होती तो कहीं ठंडा पानी नहीं होता। दुकानदार तो सप्लायरों से पानी का जग खरीद लेते हैं। मुख्य सड़कों से गुजरने वाले लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ती है। दस से 20 रुपये देकर पानी की बोतल खरीदनी पड़ती है। खैर पानी ही नहीं, बहादुरगढ़ के बाजारों में तो शौचालयों की भी उचित व्यवस्था नहीं है। मेन बाजार में अक्सर दुकानदार और ग्राहक इस समस्या से जूझते हैं। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ती है। यदि अस्थाई टॉयलेट्स की व्यवस्था हो भी जाती है तो कुछ दिन बाद ही देखरेख के अभाव में सड़ जाते हैं।



बहादुरगढ़। गांधी चौक के पास बंद पड़ी एक पुरानी प्याऊ।